भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2293

दिनांक 12 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

वायु गुणवत्ता संबंधी स्वास्थ्य खतरे

2293. श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंतः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कोयला खनन वाले जिलों में निवासियों एवं खनन श्रमिकों में श्वसन रोगों, त्वचा रोगों एवं व्यावसायिक फेफड़े विकारों जैसे निमोनोकोनियोसिस की बढ़ती घटनाओं का संज्ञान लिया है, विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के कोरबा में जहाँ वायु गुणवत्ता स्तर अक्सर खतरनाक सीमा को पार कर चुका है जैसा कि हाल के राष्ट्रीय प्रदूषण संबंधी बुलेटिनों में उल्लिखित है (कोरवा वायु नमूनों में पीएम 2.5 सांद्रता लगभग 150.3 से 1,699.2 μg/m³ के बीच रही - अर्थात् भारतीय मानक 60 μg/m³ से 2.5 से 28.3 गुना अधिक) और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने गत दो वर्षों के दौरान विशेष रूप से हाल के केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की चेतावनी के पश्चात् कोयला पट्टी क्षेत्रों में कोई अद्यतन महामारी विज्ञान या पर्यावरणीय स्वास्थ्य आकलन किया है और यदि हों, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कोरवा में जिला स्तर की सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ्ढ करने हेतु सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग) वायु प्रदूषण श्वसन संबंधी विकार और उनसे जुड़े रोगों को प्रभावित करने वाले कारकों में से एक है। स्वास्थ्य पर पर्यावरण के अलावा व्यक्तियों की खान-पान की आदतें, पेशेवर आदतें, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, चिकित्सा स्थितियों संबंधी इतिहास, प्रतिरक्षा प्रणाली, आनुवंशिकता आदि कई कारकों का प्रभाव पड़ता है। स्वास्थ्य मुख्यतः राज्य सरकार का उत्तरदायित्व है। वर्ष 2015 में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 में किए गए संशोधन के द्वारा सभी खनन प्रभावित जिलों में जिला खनिज फाउंडेशन के गठन को अनिवार्य कर दिया गया, जिससे वे प्रभावित लोगों और क्षेत्रों के कल्याण के लिए राज्य सरकारों के निर्देशों के अनुसार कार्य कर सकें।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, कोरबा में व्यापक वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क में 3 मैनुअल और 2 निरंतर व्यापक वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन शामिल हैं। कोरबा में सीपीसीबी द्वारा प्रदत्त अच्छे और बुरे दिनों का शहर-वार अवलोकन किया गया है।

स्वास्थ्य राज्य विषय है, सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के सुदृढ़ीकरण का उत्तरदायित्व संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं में प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर उनकी स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण के लिए तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****